16.12.24

Page-1

Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा- तीसरी

विषय- हिन्दी सुलेख

शिक्षिका- श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : सरल हिन्दी सुलेख भाग-तीन

प्यारे बच्चो,

आप सभी अपनी-अपनी पुस्तक 'सरल हिन्दी सुलेख' भाग-तीन में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे होंगे। आप सभी का इस कार्य को करना अति आवश्यक है। इस प्रकार से आप अपनी हिन्दी की लिखाई में सुधार ला सकते हैं। आप सभी इस कार्य को करते समय यह ध्यान में रखेंगे कि आपके लिखे अक्षर व शब्द समान आकार एवं समान दूरी पर हों। लिखते समय आपकी पेंसिल तीखी होनी चाहिए। आपका लिखा कार्य इस प्रकार होना चाहिए कि पढ़ने वाले को साफ़ समझ में आ जाए। सभी छात्र सुलेख का अभ्यास शुद्ध उच्चारण के साथ करें। सबसे अहम बात कि सभी छात्र इस कार्य को रुचि से करें।

अध्यापिका द्वारा आपको सरल हिन्दी सुलेख का एक पृष्ठ अभ्यास के लिए दिया जाता है। साथ ही कुछ शब्दों का सुन्दर लिखाई में अभ्यास करने के लिए भी दिया जा रहा है। इस सप्ताह आपको 'थ' वर्ण तथा इस वर्ण से जुड़े चार शब्दों का भी अभ्यास करने के लिए दिया जा रहा है। सभी छात्र गृहकार्य करने के साथ इस कार्य का भी अभ्यास करेंगे।

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी सुलेख

शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा




1. थरमस
2. थाली
3. थरमामीटर
4. थैला

इस प्रकार निरंतर अभ्यास द्वारा सभी छात्र अपनी हिन्दी की लिखाई में सुधार ला सकते हैं।

## गृहकार्य

सभी छात्र पृष्ठ संख्या - 30 को सरल हिन्दी सुलेख की पुस्तक पर लिखने का अभ्यास करेंगे। सुलेख लिखते समय आप अध्यापिका द्वारा बताई बातों को अवश्य ध्यान में रखोगे।

धन्यवाद ।

भोजन-भजन एकान्त में करना चाहिए।

भोजन-भजन एकान्त में करना चाहिए।

ईश्वर सबको समान दृष्टि से देखते हैं।

ईश्वर सबको समान दृष्टि से देखते हैं।